छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित,

छठवी मंजिल टॉवर "सी" कमर्शियल कॉम्पलेक्स, सी.बी.डी.

सेक्टर – 21, मुख्यालय,नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर 492002

Website:- markfed.cg.nic.in, E-Mail :- mf_ctrlroom_raipur@gov.in phone no. 0771-2425400

क्रमांक / लेखा / वित्त / 174 / 2022–23 / 3304 / 2022 रायपुर दिनांक 23.08.2022

निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर खरीफ वर्ष 2022–23 में दलहन फसल (अरहर, उड़द एवं मूंग) के उपार्जन हेतु वित्तीय व्यवस्था करने के तहत् भारतीय रिजर्व बैंक की सूची 'A' एवं 'B' में अनुबद्ध बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। विस्तृत विवरण **www.markfed.cg.nic.in** में देखा जा सकता है –

1. प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 14 / 09 / 2022 समय 3.00 बजे
2. प्रस्ताव खोले जाने की तिथि 14 / 09 / 2022 समय 4.00 बजे

(प्रशांत लाल)
मुख्यलेखाधिकारी

निविदा प्रपत्र

छत्तीसगढ़ के कृषकों द्वारा उत्पादित दलहन फसल (अरहर, उड़द एवं मूंग) के उपार्जन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता पूर्ति हेतु खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 हेतु कुल अनुमानित राशि ₹ 75.00 करोड़ (अक्षरी – पचहत्तर करोड़ मात्र) की साख–सीमा/अल्पकालीन ऋण सुविधा के प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित शेड्यूल्ड कामर्शियल बैंकों की सूची 'A' एवं 'B' तथा वित्तीय संस्थाओं से निम्नानुसार शर्तों के अंतर्गत आमंत्रित किया जाता है :–

1. छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ, रायपुर को अनुमानित राशि ₹ 75.00 करोड़ (अक्षरी – पचहत्तर करोड़ मात्र) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जावे। उपरोक्तानुसार स्वीकृत राशि में से नवम्बर, 2022 तथा इसके पश्चात् आवश्यकता अनुसार किश्तों में राशि आहरित की जा सकेगी।

2. छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ हेतु न्यूनतम प्रस्ताव राशि ₹ 75.00 करोड़ (अक्षरी – पचहत्तर करोड़ मात्र) का होगा।

3. प्रस्ताव में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना होगा कि वर्तमान में दलहन फसल उपार्जन हेतु पूर्व में यदि बैंको/वित्तीय संस्थाओं द्वारा धान उपार्जन हेतु स्वीकृत साख–सीमा/अल्पकालीन ऋण/पूंजी ऋण का उपयोग विपणन संघ द्वारा दलहन फसल (अरहर, उड़द एवं मूंग) उपार्जन हेतु खरीफ वर्ष 2022–23 के लिये किया जा सकेगा अथवा नहीं तथा यदि वर्तमान साख–सीमा के अतिरिक्त प्रस्ताव दिया जाना है, तो तदानुसार उल्लेख किया जावे।

4. साख–सीमा/अल्पकालीन ऋण की सिक्योरिटी विपणन संघ हेतु अरहर, उड़द एवं मूंग का स्कंध, बिल्स रिसीवेबल का हाइपोथिकेशन से किया जा सकेगा।

5. साख–सीमा सुविधा तथा इसके विरूद्व सिक्योरिटी हेतु मार्जिन राशि शून्य रहेगी।

6. प्रोसेसिंग एवं दस्तावेज शुल्क शून्य रहेगी। साख–सीमा से राशि का आहरण उपार्जित धान की मात्रा व आवश्यकतानुसार किया जावेगा।

7. स्वीकृत साख–सीमा/अल्पकालीन ऋण पर दण्ड ब्याज अधिकतम 2% मान्य किया जावेगा। राज्य शासन द्वारा घोषित अवकाश अथवा बैंक अवकाश/रविवार अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस पर भुगतान करने की स्थिति में कोई दण्ड ब्याज मान्य नहीं किया जावेगा।

8. प्रस्तावित की गई ब्याज दर फ्लोटिंग दर/एम.सी.एल.आर. दर (न्यूनतम 01 माह के एम.सी. एल.आर. दर) के लिए ही प्रस्तुत की जावे। ब्याज रिसेट तथा बैंको द्वारा WCDL का प्रस्ताव दिये जाने की स्थिति में कैश केडिट से भुगतान की सुविधा होनी चाहिए। एम.सी.एल.आर. दर के उपर अधिक्तम 0.10% तक स्प्रेड मान्य होगा। इसके उपर कोई स्प्रेड मान्य नहीं होगा।

क्रमश...2

9. बैंको/वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तावित ब्याज दरें **राज्य शासन की प्रत्याभूति के साथ एवं प्रत्याभूति के बिना** रूप में दी जावें।

10. निविदाकर्ता बैंक की शाखा, रायपुर, छत्तीसगढ़ में होना अनिवार्य है।

11. साख–सीमा सुविधा स्वीकृति दिनांक से छः माह से 01 वर्ष की अवधि हेतु उपलब्ध करायी जावे। विपणन संघ द्वारा राशि की उपलब्धता के आधार पर समय पूर्व भुगतान अथवा भुगतान हेतु निर्धारित समयावधि में वृद्धि, जैसी भी स्थिति हो, उपयोग किया जावेगा।

12. प्रस्ताव स्वीकृति दिनांक से अधिकतम 07 दिवस की सीमा में साख–सीमा सुविधा आहरण हेतु उपलब्ध कराना होगा।

13. साख–सीमा सुविधा के विरूद्ध वास्तविक आहरण की तिथि से ही ब्याज देय होगा।

14. ऋण पुनर्भुगतान हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व भी भुगतान किया जा सकेगा तथा समयावधि के पूर्व भुगतान करने पर विपणन संघ द्वारा कोई दांडिक ब्याज देय नहीं होगा, एवं भुगतान करने की तिथि तक ही वास्तविक ब्याज की राशि भुगतान की जा सकेगी। संघ पर किसी भी समय में बैंकों द्वारा स्वीकृत साख–सीमा का पूर्ण उपयोग किया जाना बाध्यकारी नहीं होगा।

15. निविदा शर्तो के रूप दिये गये ऑफर के विरूद्ध निर्धारित की गई ब्याज दर में परिवर्तन हर माह के प्रथम कार्य दिवस पर लागू MCLR दर के आधार पर बैंको द्वारा परिवर्तन कर विपणन संघ को अवगत कराया जा सकेगा, जिसके अनुसार विपणन संघ द्वारा न्यनूतम ब्याज दर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

16. जिन बैंकों के ऑफर स्वीकृत किये जायेंगे, उन्हें अनुबंध पत्र में ऑफर शर्तो में उल्लेखित शर्तों को सम्मिलित कर तैयार किये गए अनुबंध पत्र में अनुबंध का निष्पादन 07 दिवस के भीतर करना होगा ।

17. विपणन संघ का वित्तीय वर्ष 2020–21 तक उपलब्ध अंकेक्षित वित्तीय पत्रक के आधार पर ही साख–सीमा/टर्म लोन ऋण उपलब्ध कराना होगा।

18. यदि सफल ऑफरकर्ताओं से संपूर्ण राशि की व्यवस्था नहीं हो पाती है और न्यूनतम से अधिक ब्याज दर ऑफर करने वाले अगले बैंकों से साख/ऋण लेने की जरूरत पड़ती है, तो ऐसी दशा में अगले बैंको से न्यूनतम ब्याज दर के समान अथवा उसके निकट दर पर ही साख/ऋण देने की सहमति दिये जाने हेतु निगोशियेशन बैठक में प्रस्ताव रखा जावेगा।

क्रमश...3

19. बैंको/वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्राप्त ब्याज दर के आधार पर एवं आवश्यकतानुसार निगोशियेशन के पश्चात् प्रस्ताव पर निर्णय लिया जावेगा। प्राप्त प्रस्ताव को मान्य/अमान्य करने का अधिकार राज्य स्तरीय समिति के पास सुरक्षित रहेगा ।

उपरोक्त साख–सीमा उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित शेड्यूल्ड कामर्शियल बैंकों की सूची 'A' एवं 'B' अनुसार)/वित्तीय संस्थान अपने लेटर हेड पर प्रस्ताव प्रत्येक संस्था हेतु पृथक–पृथक सील बंद लिफाफे में दिनांक ..... सितम्बर, 2022 को दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, छठवीं मंजिल, टावर ''सी'' कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सीबीडी, सेक्टर 21, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन कोड 492002 में जमा कर सकेंगे। विपणन संघ द्वारा उपस्थित बैंक/वित्तीय संस्थाओं के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा अपरान्ह 4:00 बजे खोला जावेगा।

(प्रबंध संचालक महोदया द्वारा अनुमोदित)

संपर्क–

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, छठवीं मंजिल, टॉवर ''सी'' कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी.. सेक्टर–21 नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर 492002
दूरभाष क्रमांक–0771.2425420/2425426
इ–मेल –mf_ctrlroom_raipur@gov.in

(प्रशांत लाल)
मुख्यलेखाधिकारी